Ph.No 0151 - 2543419 (O)
2549348 (Fax)
regrajuvas@gmail.com

सूचना का अधिकार
RIGHT TO INFORMATION

# RAJASTHAN UNIVERSITY OF VETERINARY AND ANIMAL SCIENCES, BIKANER

**Dr. Vishnu Sharma**
**Vice-Chancellor**

<u>प्रथम अपील संख्या 123/2018</u>

**कुणाल गर्ग,**
**पुत्र श्री विनोद कुमार गर्ग,**
**मकान नम्बर 9, राजेन्द्र नगर,**
**पुलिस लाईन के सामने,**
**उदयपुर** **अपीलार्थी**

**बनाम**

**कुलसचिव एवं लोक सूचना अधिकारी,**
**राजस्थान पशुचिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय,**
**बीकानेर**

**प्रत्यर्थी**

**अपील प्रस्तुत करने की दिनांक 01.11.2018**
**अपील में निर्णय की दिनांक 28.11.2018**

*<u>निर्णय</u>*

अपीलार्थी ने कुलसचिव एवं लोक सूचना अधिकारी, राजस्थान पशु चिकित्सा और पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, बीकानेर के पत्रांक F(997)/RAJUVAS/Reg/RTI/2018/245 दिनांक 05.10.2018 द्वारा प्रेषित सूचना/प्रत्युत्तर से असन्तुष्ट होकर यह अपील प्रस्तुत की गई है।

प्रकरण के तथ्य संक्षिप्त में इस प्रकार से है कि अपीलार्थी/आवेदक द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के अन्तर्गत आवेदन पत्र दिनांक 28.08.2018 (विश्वविद्यालय में प्राप्ति दिनांक 06.09.2018) प्रस्तुत कर सूचना चाही गयी। कुलसचिव एवं लोक सूचना अधिकारी के पत्रांक 245 दिनांक 05.10.2018 के द्वारा अपीलार्थी/आवेदक को सूचना/प्रत्युत्तर भिजवायी गयी जिसका विवरण निम्नानुसार है:-

Sh.Kunal Garg
S/o Vinod kumar Garg
9-Rajendar Nagar
O/S Police Line
Udaipur (RAJ) 313001
Mo. 8875666333

Contd.

विषयः—सूचना का अधिकार अधिनियम के अन्तर्गत सूचना उपलब्ध करवाने बाबत।

प्रसंगः—आपका प्रार्थना पत्र दिनांक 28.08.2018 (विश्वविद्यालय में प्राप्ति दिनांक 06.09.2018)

उपरोक्त विषयान्तर्गत प्रासंगिक पत्र से वांछित सूचना के क्रम में बिन्दुवार प्रत्युत्तर / सूचना निम्नानुसार हैः—

- Tender were invited by the college of veterinary and animal sciences nawania, vallabhnagar - 313601. Working under Rajasthan University of veterinary and animal science, Bikaner (raj.).
- The said tender No.F8()/Dean/NVU/tender/RAJUVAS/2018-19/304 dated 28/5/2018 was issued by Dean of the college and was for supply of molded aquarium with toughened glass, with cover , with/without cabinet.
- The tender items included :

  **A. 10 tanks of 12 mm toughened glass with 30 inches length, 15 inches width, 24 inches height.**

  **B. 10 tanks of 12 mm toughened glass with 24 inches length, 15 inches width, 22 inches height.**

  **C. 1 tanks of 12 mm toughened glass with 48 inches length, 15 inches width, 36 inches height.**

**As per tender details the tender were opened on 14.06.2018 and as per terms and conditions of tender the succesful bidder was required to supply the material within 30 days of opening of tender.**

**I would like to have following information details as per RTI ACT 2005.**

| क्र. सं. | वांछित सूचना | प्रत्युत्तर / सूचना |
|---|---|---|
| 1 | Detail of succesful bidder. | मैसर्स कार्तिक ट्रेडर्स, भूपालपुरा, उदयपुर |
| 2 | Invoice raised by bidder. | बिन्दू संख्य 02 से वांछित सूचना के क्रम में लेख है कि आप द्वारा चाही गई सूचनाएं तृतीय पक्ष से संबंधित व्यक्तिगत श्रेणी की सूचनाएं है जो कि धारा 8(i)(J) के प्रावधानों अनुसार बिना व्यापक एवं सद्भाविक जनहित के प्रकट नहीं की जा सकती। ऐसी सूचनाओं के प्रकटीकरण से संबंधित पर–व्यक्ति (Third Party) की एकांतता का अनावश्यक अतिक्रमण होगा। आप द्वारा प्रासंगिक प्रार्थना पत्र में कोई व्यापक एवं सद्भाविक जनहित नहीं प्रकट किया गया है। ***रामचन्द्र देशपांडे*** के प्रकरण में भी माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा पारित निर्णय से इसी सिद्धान्त की पुष्टि की जा चुकी है। अतः वांछित सूचना तृतीय पक्ष से संबंधित होने के कारण धारा 8 (i)(J) के प्रावधानों अनुसार अदेय है।<br><br>इस कारण वांछित सूचना उपलब्ध करवाई जानी संभव नहीं है। |
| 3 | Details and specification of material supplied by succesful bidder. | As per work order. |

contd.

| | | |
|---|---|---|
| | | |
| 4 | Whether the material supplied by bidder was inconformity with the details as mentioned in rate sheet annex to tender copy. | हॉ. |
| 5 | Wether the supplied material was checked , investigated by college authorities and any offuse report was prepared | हॉ. |
| 6 | IF the material supplied were not found inconformity with the given tender guidelines any proceeding/ action was initiated. | लागू नही है। |
| 7 | Wether any supporting letter provided by bidder regarding strength and quality of glass(12 mm toughened). | हॉ. |

यदि उपरोक्त कार्यवाही से आप संतुष्ट नहीं है तो पत्र प्राप्ति के 30 दिवस में माननीय कुलपति एवं प्रथम अपीलीय अधिकारी, राजस्थान पशुचिकित्सा और पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, बिजय भवन पैलेस, पं. दीन दयाल उपाध्याय सर्किल के पास, बीकानेर पिन–334001 (राज.) के समक्ष प्रथम अपील प्रस्तुत कर सकते हैं।

अपीलार्थी/आवेदक ने कुलसचिव एवं लोकसूचना अधिकारी, राजस्थान पशु चिकित्सा और पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, बीकानेर के पत्रांक 245 दिनांक 05.10.2018 द्वारा प्रेषित सूचना/प्रत्युत्तर से असन्तुष्ट होकर यह अपील प्रस्तुत कर सूचना प्रदान करने की प्रार्थना की गयी है। विश्वविद्यालय के पत्रांक F(अ.126/18)VCS/RAJUVAS/RTI/2018/273 दिनांक 14.11. 2018 के द्वारा सुनवाई हेतु दिनांक 28.11.2018 नियत की गयी होना अवगत करवाया गया। अपीलार्थी द्वारा सुनवाई हेतु उपस्थित होकर अन्य वांछित सूचनाएं प्राप्त हो चुकी होने का कथन करते हुए अपनी प्रार्थना फर्म द्वारा प्रस्तुत Invoice (बिल) की प्रति उपलब्ध करवाने तक सीमित कर यह सूचना प्रदान करने का निवेदन किया। कुलसचिव एवं लोक सूचना अधिकारी की ओर से पक्ष प्रस्तुत कर अवगत करवाया गया कि अपीलार्थी/आवेदक द्वारा चाही गयी सूचनाएं अपीलार्थी/आवेदक को पत्रांक 245 दिनांक 05.10.2018 के द्वारा प्रदान की जा चुकी है व फर्म द्वारा प्रस्तुत Invoice (बिल) की प्रति तृतीय पक्ष से संबंधित सूचना होने के कारण बिना व्यापक व सद्भविक जनहित के, सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 की धारा 8(1)(J) के प्रावधान व माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा प्रकरण रामचन्द्र देशपाण्डे मे प्रतिपादित सिद्धान्त के परिप्रेक्ष्य में

Contd.

अदेय होने व अपीलार्थी/आवेदक द्वारा कोई व्यापक व सद्भाविक जनहित भी प्रकट नही किये गये होने का कथन करते हुए अपील अपीलार्थी खारिज करने की प्रार्थना की गई।

उक्त वर्णित तथ्यों, तर्को, संबधित अभिलेख व नियमों के परिप्रेक्ष्य में अधोहस्ताक्षरकर्ता इस निष्कर्ष पर पहुँचते है कि निविदा प्रक्रिया पूर्ण हो जाने के दृष्टिगत फर्म द्वारा सप्लाई किये गये माल के प्रस्तुत Invoice (बिल) की प्रति अपीलार्थी/आवेदक को उपलब्ध करवायी जानी उचित होगी। अतः अपील अपीलार्थी स्वीकार की जाती है व कुलसचिव एवं लोकसूचना अधिकारी, राजस्थान पशु चिकित्सा और पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, बीकानेर को निर्देशित किया जाता है कि निविदा के क्रम में फर्म मैसर्स कार्तिक ट्रेडर्स, भूपालपुरा, उदयपुर द्वारा सप्लाई किये गये माल के प्रस्तुत Invoice (बिल) की प्रति तत्काल निःशुल्क अपीलार्थी/आवेदक को प्रदान करें। निर्णय खुले चैम्बर में सुनाया गया। निर्णय प्रति उभयपक्षों को सूचनार्थ प्रेषित की जावे।

P/c Attested.

कुलसचिव
राजस्थान पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान
विश्वविद्यालय बीकानेर

(डॉ. विष्णु शर्मा)
कुलपति एवं प्रथम अपीलीय अधिकारी,
राजुवास, बीकानेर